महत्वपूर्ण / व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित

प्रेषक,

निदेशक
राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः रा0वि0सं0 / वि0संगो0 / 152-361 / 2017-18 दिनांक 3-7-2017

विषय : जनपद, मण्डल एवं राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2017 के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र नई दिल्ली के तत्वाधान में राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा राज्य स्तर पर कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने, वैज्ञानिक चिन्तन तथा अनुसंधान की प्रवृत्ति जागृत करने के उद्देश्य से निर्धारित विषय पर विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2017 में विज्ञान संगोष्ठी का विषय **"स्वच्छ भारत : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी – सम्भावनाएं एवं चुनौतियाँ (Swachh Bharat : Role of S&T : Promises & Challenges)"** निर्धारित है।

विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन ब्लाक सहित जनपद, मण्डल तथा राज्य स्तर (तीन स्तरों) पर अलग-अलग तिथियों में किया जाता है जिसमें प्रदेश के कक्षा 8 से 10 तक के बच्चे पूर्व निर्धारित विषय पर अपना संभाषण प्रस्तुत करते हैं। निर्धारित चयन प्रक्रिया में जनपद स्तर से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चे मण्डल स्तर पर तथा मण्डल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चे राज्य स्तर पर प्रतिभाग करते हैं।

इस वर्ष जनपद तथा मण्डल स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन निम्नलिखित प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार करना सुनिश्चित करें :-

| क्र0 सं0 | स्तर | आयोजन तिथियाँ | आयोजक / निर्देशन | कार्यस्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ब्लाक सहित जनपद स्तर | 25 जुलाई 2017 | जिला विद्यालय निरीक्षक | जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निर्दिष्ट कोई विद्यालय |
| 2. | मण्डल स्तर | 10 अगस्त 2017 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक / उप शिक्षा निदेशक | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक / उप शिक्षा निदेशक द्वारा निर्दिष्ट कोई विद्यालय |
| 3. | राज्य स्तर | 26 अगस्त 2017 | निदेशक, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उ0प्र0, इलाहाबाद | निदेशक, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उ0प्र0, इलाहाबाद के सभागार में |

राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2017 का आयोजन 26 अगस्त 2017 को राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उ0प्र0, इलाहाबाद के सभागार में किया जाना निश्चित है, जिसमें प्रत्येक मण्डल से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को यात्रा व्यय (द्वितीय श्रेणी का रेल किराया या बस से आने जाने का किराया) 05 पैसे प्रति किमी0 आनुषांगिक व्यय, रूपया 1.75 प्रति किमी रोड माइलेज तथा मात्र एक दिन का दैनिक भत्ता रू0 80.00 प्रति प्रतिभागी संस्थान द्वारा देय होगा। प्रत्येक मण्डल से टीम इन्चार्ज के रूप में एक अध्यापक, जो मण्डलीय स्तर के अधिकारी द्वारा प्राधिकृत होगा, को भी द्वितीय श्रेणी का यात्रा भत्ता नियमानुसार देय होगा।

कृपया अपने मण्डल/जनपद के सभी माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक, उच्च प्राथमिक, अंग्रेजी माध्यम वाले विद्यालयों एवं केन्द्रीय विद्यालयों को इन निर्धारित तिथियों में इस संगोष्ठी के आयोजन के विषय में शीघ्र सूचित करने का कष्ट करें, जिससे इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक छात्र/छात्रायें प्रतिभाग कर सकें।

- प्रयोग यह किया जाय कि **ब्लाक** सहित जनपद के सभी विद्यालयों के छात्र/छात्रायें जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करें।

## राज्य विज्ञान संगोष्ठी 2017 के सम्बन्ध में जानकारी

| | |
|---|---|
| **राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2017 का आयोजन स्थल** | – राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद का सभागार<br>दूरभाष -- 0532–2466761<br>फैक्स – 0532–2466761 |
| आयोजन तिथि | – 26 अगस्त 2017 |
| ब्लाक तथा जनपद स्तर | – प्रत्येक विद्यालय से एक प्रतिभागी |
| मण्डल स्तर | – प्रत्येक जनपद से दो प्रतिभागी (प्रथम तथा द्वितीय) |
| राज्य स्तर | – प्रत्येक मण्डल से दो प्रतिभागी (प्रथम तथा द्वितीय) |

संगोष्ठी का विषय व नियमावली जनपद, मण्डल तथा राज्य **तीनों स्तरों** के लिए एक ही होगा जो कि राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी के लिए भी निर्धारित है।

संगोष्ठी का विषय – **''स्वच्छ भारत : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी – सम्भावनाएं एवं चुनौतियाँ**

**(Swachh Bharat : Role of S&T : Promises & Challenges)''**

नियमावली –

योग्यता –

1. कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थी।
2. समस्त शासकीय / अशासकीय / केन्द्रीय तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के छात्र / छात्रा।

व्याख्यान का समय तथा मानक

1. प्रतिभागी को मुख्य विषय पर अधिकतम 6 मिनट व्याख्यान देना होगा, तत्पश्चात् निर्णायकों द्वारा उक्त विषय से सम्बन्धित बिन्दुओं पर प्रतिभागी के साथ दो मिनट का प्रश्नोत्तर समय होगा। इस प्रकार एक प्रतिभागी को अधिकतम् 8 मिनट का समय देय होगा।
2. प्रतिभागी से निर्णायक अधिकतम 3 प्रश्न पूछेंगे, जिनमें कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर दो मिनट में देना होगा।
3. जिला एवं मण्डल स्तर पर निर्णायक निर्धारित विषय पर प्रतिभागियों से प्रश्न पूछेंगे और दो मिनट के अन्तर्गत इस प्रश्नोत्तर विधा के द्वारा प्रतिभागी की योग्यता का मूल्यांकन करेंगे।
4. निर्णायकों के चुनाव में ध्यान रखा जाये कि वह विद्यालय से सम्बन्धित न हों। विषय से सम्बन्धित वैज्ञानिक, विशिष्ट संस्थाओं / संस्थान / महाविद्यालयों अथवा विश्वविद्यालयों से विशिष्ट व्यक्ति ही निर्णायक बनाये जायें।
5. 10 अंकों की लिखित परीक्षा होगी, जिसमें 20 लघु उत्तरीय प्रश्न होंगे।

व्याख्यान की भाषा

हिन्दी, अंग्रेजी या अन्य मान्य भारतीय भाषा हो सकती है।

सहायक चित्र आदि

प्रत्येक प्रतिभागी सम्भाषण के दौरान अधिकतम 5 सहायक चित्रों / **स्लाइड** / चार्ट आदि का प्रयोग कर सकता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत् है :–

- चार्ट / पोस्टर का अनुमन्य आकार–850 मिमी (चौड़ाई)×600 मिमी (ऊँचाई)। सभी चार्ट / पोस्टर एक चार्ट कैलेण्डर की तरह क्रमवार बद्ध **होने** चाहिए।
- 35 मिमी आकार का स्लाइड जो प्लास्टिक फ्रेम में जड़ा हो या
- ओ0एच0पी0 (ओवर हेड प्रोजेक्टर) स्लाइड का आकार ए4 से अधिक नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट करने पर जो पूर्ण रूप से स्पष्ट दिखाई दे या
- कम्प्यूटर स्टैटिक स्लाइड (Office 2000.ppsx & pptx) में animation, pop & ups, roll over आदि का प्रभाव नहीं होना चाहिए।

नोट (1) प्रस्तुतीकरण एवं व्याख्यान के समय 3–डी मॉडल, वीडियो और फिल्म आदि का प्रयोग तथा पेपर रीडिंग अनुमन्य नहीं है।

(2) व्याख्यान के समय डायस पर अध्यापक अथवा सहायक किसी भी प्रकार की सहायता नहीं कर सकता है।

पुरस्कार

- विजयी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु अपने स्तर से पुरस्कार स्वरूप वैज्ञानिक पुस्तकें प्रदान करें,
- जनपद के सम्मानित व्यक्तियों को आमंत्रित करें तथा समाचार पत्रों व आकाशवाणी के माध्यम से भी प्रचार प्रसार करें।
- राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा तथा अन्य को सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किये जायेंगे।
- मेरिट में द्वितीय स्थान का निर्धारण प्रतिभागियों की कुल संख्या का 25 प्रतिशत रखा जाता है। शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। जनपद तथा मण्डल स्तरीय आयोजन में भी पुरस्कृत करने की व्यवस्था रखें। परिणाम घोषणा आदि समाचार पत्रों में अवश्य दें।
- राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी में विजयी प्रतिभागी तथा अन्य को आकर्षक छात्रवृत्ति, विशेष भ्रमण तथा विशिष्ट वैज्ञानिकों से मिलने का अवसर प्राप्त होता है।
- राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को राष्ट्रीय संगोष्ठी जो इस वर्ष नवम्बर 2017 को बिरला इंडस्ट्रियल एवं टेक्निकल संग्रहालय, कोलकाता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा।

मूल्यांकन

राज्य स्तर तक स्थानीय रूप से उपलब्ध वैज्ञानिकों/महाविद्यालयों के विशेषज्ञ एवं अन्य शिक्षाविदों मेंसे तीन निर्णायक जो विषय विशेषज्ञ होंगे, नियुक्त किये जायेंगे। प्रत्येक स्तर पर मूल्यांकन हेतु अंक वितरण निम्नलिखित प्रकार से किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तुति में वैज्ञानिक तथ्य | 40 अंक |
| 2. | वाक् भाषण प्रवाह | 25 अंक |
| 3. | प्रश्नों के उत्तर देने की क्षमता | |
| | (क) लिखित परीक्षा | 10 अंक |
| | (ख) मौखिक परीक्षा | 10 अंक |
| 4. | दृश्यों की प्रस्तुति में नवीनता | 15 अंक |
| | कुल अंक– | 100 अंक |

- यही अंक वितरण व्यवस्था राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर रहेगी तथा जनपदीय व मण्डलीय स्तर पर भी अपेक्षित है। लिखित परीक्षा हेतु अधिकतम् 20 मिनट का समय दिया जायेगा तथा 20 प्रश्न पूछें जायेंगे। मौखिक परीक्षा हेतु 3 प्रश्नों पर 2 मिनट का समय निर्धारित है।
- संलग्न परिशिष्ट–1 तथा परिशिष्ट–2 पर जनपद/मण्डल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2017 की आख्या और प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र का विवरण उसी दिन निदेशक, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को प्रेषित करें, जिससे प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय संगोष्ठी में पंजीकरण

किया जा सकें। मण्डलीय संगोष्ठी की समाप्ति के बाद मण्डल के प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र/छात्रा जो राज्य स्तरीय संगोष्ठी में भाग लेंगे के नामों की सूचना कार्यालय निदेशक राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, 25 एलनगंज, इलाहाबाद को तुरन्त भेजी जाये।

- जनपद की प्रतियोगिता में अधिकाधिक विद्यालय प्रतिभाग कर सकें इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रधानाचार्यों को प्रेरित करें और इसके सफल आयोजन हेतु प्रधानाचार्यों के साथ बैठक आदि का आयोजन करें। उप शिक्षा निदेशक एवं अन्य मण्डलीय स्तर के शिक्षा अधिकारियों की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन होने से संगोष्ठी अधिक सफल होगी तथा विविध माध्यमों से प्रचार–प्रसार भी सम्भव होगा।
- विजेता छात्र/छात्राओं की प्रतिभा को पत्रिका/समाचार पत्रों के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाय।
- प्रत्येक मण्डल के प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी अपनी उपस्थिति निदेशक, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, एलनगंज, इलाहाबाद को दिनांक 26 अगस्त 2017 को प्रातः 8.00 बजे तक प्रत्येक दशा में देंगे।
- साथ में जनपद व मण्डल स्तरीय आयोजन से सम्बन्धी फोटो ग्राफ्स का प्रेषण भी किया जाय।

**संलग्नक–परिशिष्ट 01 एवं 02**

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

**डॉ० (श्रीमती) सुत्ता सिंह**
**निदेशक,**
**राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान**
**उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।**

**पृ०सं०/रा०वि०शि०सं०/वि०संगो०/** 152–361 **/2017–18** **दिनांक उसी तिथि को**

प्रतिलिपि–निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. समस्त मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक।
6. निदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, भैरो मार्ग, प्रगति मैदान, नई दिल्ली–1100011।
7. श्री के0के0 चटर्जी, शिक्षा अधिकारी एवं क्षेत्रीय समन्वयक (उत्तर), रा0वि0सं0 2017।
8. परियोजना समायोजक, आंचलिक विज्ञान केन्द्र, अलीगंज विस्तार खण्ड ई, एकता विहार, लखनऊ।

(हस्ताक्षर) 03.7.17

**डॉ० (श्रीमती) सुत्ता सिंह**
**निदेशक,**
**राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान**
**उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।**

3/7/17
मंजूषा गुप्ता

# परिशिष्ट–1

जनपद में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को दिया जाने वाला प्रमाण पत्र तथा अन्य पत्रजात जिसे लेकर वह मण्डल स्तरीय संगोष्ठी 2017 में प्रतिभाग करने दिनांक 10.08. 2017 को प्रातः 8.00 बजे उपस्थित होगा/होगी।

(i) अपनी रंगीन दो प्रमाणित फोटो

(ii) व्याख्यान की दो प्रतियाँ

(iii) मण्डल स्तरीय आयोजन के प्रमाण स्वरूप 3 फोटोग्राफ एवं सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत आदेश की प्रति।

(iv) व्याख्यान में प्रयुक्त सहायक सामग्री की फोटो ग्राफ्स (पोस्टकार्ड साइज)

**मण्डल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को दिये जाने वाले प्रमाण पत्र का प्रारूप**

प्रमाणित किया जाता है कि मण्डल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2017 का आयोजन आज दिनांक.............................. को इस विद्यालय में हुआ।

छात्र/छात्रा 1 ..................................................कक्षा.........................................विद्यालय.................. ....................प्रथम तथा छात्र/छात्रा 2................................................कक्षा...................................................... ......विद्यालय....................................................................ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

**संयोजक प्रधानाचार्य**
**हस्ताक्षर एवं मुहर**

**जिला विद्यालय निरीक्षक**
**हस्ताक्षर एवं मुहर**

## परिशिष्ट--2

मण्डल में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को दिया जाने वाला प्रमाण पत्र तथा अन्य पत्रजात जिसे लेकर वह राज्य स्तरीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करने राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद में दिनांक 26.08.2017 को प्रातः 8.00 बजे उपस्थित होगा/होगी।

(i) अपनी रंगीन दो प्रमाणित फोटो

(ii) व्याख्यान की दो प्रतियॉं

(iii) मण्डल स्तरीय आयोजन के प्रमाण स्वरूप 3 फोटोग्राफ एवं सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत आदेश की प्रति।

(iv) व्याख्यान में प्रयुक्त सहायक सामग्री की फोटो ग्राफ्स (पोस्टकार्ड साइज)

**मण्डल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को दिये जाने वाले प्रमाण पत्र का प्रारूप**

प्रमाणित किया जाता है कि मण्डल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2017 का आयोजन आज दिनांक............................... को इस विद्यालय में हुआ। छात्र/छात्रा 1 .....................................................कक्षा..............................................विद्यालय.................. ....................प्रथम तथा छात्र/छात्रा 2...........................................................कक्षा................................................... ......विद्यालय..........................................................................ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

**मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक**
**हस्ताक्षर एवं मुहर**

**संयोजक प्रधानाचार्य**
**हस्ताक्षर एवं मुहर**